Government College Seraj at Lambathach

Distt. Mandi H.P. 175048

Email: gcseraj-hp@nic.in

Phone No. : **01907-257681**

Reference Edu.GCSeraj-G-45/2024- **Dated:** 18th September 2024

Curriculum enrichment practices

(e.g. projects, surveys, educational tours and industry visits) =16

शैक्षणिक भ्रमण

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच द्वारा 16-17 मार्च 2023 को शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के 42 छात्रों को ऐतिहासिक एवं धार्मिक रूप से प्रसिद्ध स्थल रिवालसर ले जाया गया. इस भ्रमण में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 16 मार्च को राजकीय महाविद्यालय रिवालसर का दौरा किया. दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एक संयुक्त सत्र आयोजित किया गया जिसमें सराज महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर ने तथा उनके पश्चात् रिवालसर के प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तत्पश्चात दोनों महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने अपने विचारों को साँझा किया. इस सत्र में दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये ताकि विचारों के साथ-साथ संस्कृतियों का भी आदान प्रदान हो सके. इस कार्यक्रम के बाद दोनों महाविद्यालयों के एन.एन.एस., आर. एंड आर. तथा एन.सी.सी. के विद्यार्थियों ने समूह बना कर विचारों को साँझा किया तथा अपने-अपने क्लब और सोसाइटी से सम्बंधित गतिविधियों को किया.

17 मार्च को विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा, पदमसंभव के गोम्पा तथा लोमश ऋषि के मंदिर के दर्शन किये. दोपहर के भोजन को ग्रहण करने के बाद शाम के समय प्राचार्य महोदया, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने मिलकर रिवालसर झील के किनारे पहाड़ी नृत्य (नाटी) करके स्वयं का तथा उपस्थित पर्यटकों का मनोरंजन किया.

Principal
Govt. College Seraj at Lambathach
Distt. Mandi (H.P.)